प्राचार्य का कार्यालय
का.ना.सिंह राजकीय पोलिटेकनिक, समस्तीपुर
(बिहार सरकार, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत)
किशनपुर टभका, विभूतिपुर–848160
(आंतरिक राजस्व सृजन योजना कोषांग)
सूचना सं0– KNSGP/07/2026-27

विभागीय संकल्प संख्या 4425 दिनांक 06/12/2023 की कंडिका 6.2 के अन्तर्गत निहित प्रावधानों के आलोक में संस्थान के परामर्श सेवा/आंतरिक राजस्व सृजन योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–27 में Summer Session एक वर्षीय अमानत प्रशिक्षण में नामांकन हेतु दिनांक 01.07.2026 तक सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। संबंधित पाठ्यक्रम में नामांकित छात्र–छात्राओं का मूल्यांकन एवं प्रमाणिकरण कार्य भारत सरकार के नियामक संगठन AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान कामेश्वर नारायण सिंह राजकीय पोलिटेकनिक, समस्तीपुर National Institute of Electronics & Information Technology, Patna/ Ministry of Electronics & Information Technology, Govt. of India द्वारा किया जाएगा। पाठ्यक्रम का विवरण एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निम्नलिखित है–

क्र. सं.	प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम की अवधि	न्यून्यतम शैक्षणिक योग्यता	अभियुक्ति एवं रोजगार के अवसर
1.	Land Surveyor (अमानत)	12 माह/48 सप्ताह	मैट्रिक या समकक्ष	सरकारी/गैर सरकारी या स्वरोजगार संबंधित जॉब।

उपरोक्त पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र एवं विवरणी अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि अथवा 08.06.2026 से 13.07.2026 तक कार्यालय अवधि में संस्थान के परामर्श सेवा के अन्तर्गत I.R.G. Cell से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे आवेदन हाथों–हाथ जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.07.2026 के अपराह्न 05 बजे तक होगी।

नोटः– 1. आवेदन प्रपत्र तथा विवरणी प्राप्त करने की तिथिः विज्ञापन प्रकाशन की तिथि अथवा 08.06.2026 से 13.07.2026 तक।

2. आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथिः 15.07.2026 संध्या 5:00 बजे तक।
3. नामांकन हेतु Interview/Written Test की तिथिः 19.07.2026.
4. Written Test Result प्रकाशन की तिथिः 22.07.2026.
5. नामांकन दिनांक 23.07.2026 से 31.07.2026 तक लिया जाएगा।
6. संबंधित आवेदक इस आशय से आस्वस्थ होने के उपरांत हीं आवेदन करें कि – उन्हें NIELIT द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरांत ही अमानत उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र निर्गत किया जायेगा।

नामांकन एवं आवेदन से जुड़ी किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में दिए गए दूरभाष/मोबाइल एवं कॉलेज वेबसाइट (https://www.knsgpsamastipur.ac.in/) पर प्राप्त किया जा सकता है।

मोबाइल/दूरभाष संख्याः 9162887794

05.06.2026

प्राचार्य
का.ना.सिंह राजकीय पोलिटेकनिक,
समस्तीपुर